प्रेस नोट जनपद मुरादाबाद

श्री सतपाल अंतिल, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, मुरादाबाद के निर्देशन में अपराध व अपराधियों पर अंकुश एवं प्रभावी नियन्त्रण बनाये रखने हेतु आज दिनांक 19.09.2024 को जनपद मुरादाबाद से निम्न कार्यवाही की गयीः-

1. अवैध चरस के साथ 01 आरोपी गिरफ्तार,थाना गलशहीद-

अवगत कराना है कि वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, मुरादाबाद के निर्देशानुसार अपराध नियंत्रण, अवैध मादक पदार्थो के निर्माण /तस्करी पर प्रभावी अंकुश लगाये जाने व नशे का कारोबार में संलिप्त अपराधियो की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के अन्तर्गत आज दिनांक 19.09.2024 को उ0नि0 कृष्ण कुमार थाना गलशहीद द्वारा मय हमराही पुलिसबल के आरोपी नदीम पुत्र नईम निवासी बडी मस्जिद के पीछे गली नं 01 असालतपुरा थाना गलशहीद जनपद मुरादाबाद को 90 ग्राम अवैध चरस के साथ गिरफ्तार किया गया। इस सम्बन्ध में थाना गलशहीद पर आरोपी उपरोक्त के विरुद्ध मु0अ0सं0-139/2024 धारा- 8/20 एनडीपीएस एक्ट पंजीकृत किया गया। अन्य विधिक कार्यवाही प्रचलित है।

आपराधिक इतिहास-

1.मु0अ0सं0 303/2022 धारा 447 भादवि थाना कटघर मुरादाबाद।
2.मु0अ0सं0 0050/2019 धारा 8/20 एनडीपीएस एक्ट थाना कोतवाली मुरादाबाद।
3.मु0अ0सं0 0036/2014 धारा 8/20 एनडीपीएस एक्ट थाना गलशहीद मुरादाबाद।

2. थाना कटघर पुलिस द्वारा 01 वांरण्टी को किया गया गिरफ्तारः-

अवगत कराना है कि वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, मुरादाबाद के निर्देशानुसार अपराध/अपराधियो पर प्रभावी अंकुश लगाये जाने एवं वांछित/वारण्टीयों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के अन्तर्गत आज दिनांक 19.09.2024 को थाना कटघर पुलिस द्वारा वारण्टीं 1.विपिन कश्यप पुत्र मुना लाल कश्यप निवासी पंडित नगला निकट तुसली की दुकान थाना कटघर जनपद मुरादाबाद, सम्बन्धित वारण्टं मुकदमा नं0- 8398/20 अ0सं0 650/20 धारा 380/411 भादवि0 को गिरफ्तार कर मा0न्यायालय के समक्ष पेश किया गया।

3. घर में घुसकर चोरी करने के 02 आरोपी गिरफ्तार,थान कटघरः-

अवगत कराना है दिनांक 12.05.2024 को वादी श्री मोहित रस्तौगी पुत्र श्री दिनेश चन्द्र रस्तौगी निवासी शिवपुरी कालोनी, थाना कटघर, मुरादाबाद ने अज्ञात अभियुक्तगण द्वारा वादी के घर में घुसकर रूपये,सोने-चांदी के जेवरात चोरी कर ले जाने के संबंध में तहरीर दी। तहरीर के आधार पर थाना कटघर पर मु0अ0सं0- 239/2024 धारा- 457/380 भा0द0वि0 पंजीकृत किया गया। उक्त संबंध में विवेचनात्मक कार्यवाही के उपरान्त आज दिनांक 19.08.2024 को उ0नि0 बृजेश कुमार व उ0नि0 श्री विमल किशोर थाना कटघर द्वारा मय हमराही पुलिसबल के प्रकाश में आये आरोपीगण 1.रागिव उर्फ टावर पुत्र वासित उर्फ वासिद निवासी मिया कालोनी जयन्तीपुर थाना मझोला जनपद मुरादाबाद हाल निवासी बहन सायमा का घर मीनानगर जयन्तीपुर थाना मझोला जनपद मुरादाबाद, 2. रेहान पुत्र मौ0 हसन कुरैशी निवासी जामा मस्जिद थाना व कस्बा भोजपुर जनपद मुरादाबाद को गिरफ्तार किया गया। जिनके कब्जे से एक मोबाईल फोन व एक लैपटाप लेनोवो बरामद किया गया, बरामदगी के आधार पर मुकदमा उपरोक्त में धारा 411 भादवि0 की वृद्धि की गई, अन्य वैधानिक कार्यवाही प्रचलित है।

उत्तर प्रदेश पुलिस